उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार

संख्या :: 154/46/ई–1/डी0आर0(पी0सी0एस0)2020–21 दिनांक :: 08 अगस्त, 2024

निस्तारण आदेश

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा–2021 के सापेक्ष विज्ञप्ति संख्या–194/46/E-1/ DR(PCS)/ 2020-21, दिनांक 06 मार्च, 2024 के क्रम में पदवार भरे गये ऑनलाईन वरीयता में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन पर मा0 आयोग द्वारा विचार किया गया। सम्यक् विचारोपरांत मा0 आयोग द्वारा उक्त प्रत्यावेदनों को निम्नवत् निस्तारित किया गया है–

क्रम सं0	अभ्यर्थी का नाम एवं अनुक्रमांक	आदेश
1.	अक्षय कुमार अनु0–341713) विवेक उनियाल (अनु0–214286) वरूण वर्मा (अनु0–230533) सौरभ हण्डा (अनु0–248641) अभिलाष गैरोला (अनु0–223868) अनुश्वर टमटा (अनु0–144292) विजय भण्डारी (अनु0–230079)	उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया विनियमावली–2022 के भाग ग्यारह– पदों हेतु वरीयता/आवंटन के नियम 15 (I) में निम्नवत् उल्लिखित है कि **"अभ्यर्थियों से परीक्षा में सम्मिलित पदों के सापेक्ष आयोग की वेबसाइट पर पद हेतु वरीयता (Preference) ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त की जायेगी।"** उक्त के अतिरिक्त नियम 15 (IV) में यह भी उल्लिखित हैं कि **"पद हेतु वरीयता प्रपत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् उसमे कोई परिवर्तन/संशोधन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और इस सम्बन्ध में किसी अभ्यावेदन पर भी विचार नहीं किया जाएगा।"** अतः उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग परीक्षा परिणाम निर्माण प्रक्रिया विनियमावली–2022 में उक्तांकित नियमों के आलोक में अभ्यर्थियों द्वारा पदों हेतु वरीयता क्रम में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में किये गये अनुरोध को अस्वीकार करते हुए उनके प्रत्यावेदन को निस्तारित किया गया है।

Sd/-
(जी0एस0रावत)
सचिव।